an>

Title: Need to provide relief assistance to the drought hit districts of western Rajasthan.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। राजस्थान की एक ज्वलंत समस्या की ओर मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी और गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। सदन में दो दिन से अकाल पर चर्चा हो रही है, लेकिन राजस्थान का नाम नहीं है। जबकि राजस्थान का पर्यायवाची शब्द ही अकाल है। Rajasthan is known as a drought area. राजस्थान में पहली वर्षा अच्छी हुई और मानसून समय पर आया। लेकिन 10 अगस्त के बाद राजस्थान से मानसून रिट्रीट कर गया, लौट गया। इस कारण से फसल पकने से पहले जो बारिश होनी चाहिए थी, वह बिल्कुल नहीं हुई। इस वजह से राजस्थान के 19 जिलों में 50 प्रतिशत से अधिक फसल को नुकसान पहुंचा है। Nineteen districts are having famine and drought situation but the media did not give it the name 'drought'. इसका मेन कारण यह रहा है कि जुलाई और 15 अगस्त की बारिश देखकर किसान बहुत खुश हुआ कि बहुत अच्छी फसल होने जा रही है, लेकिन आखिरी बारिश नहीं होने से 19 जिलों में फसल को नुकसान पहुंचा। मेरा कृषि मंत्री जी से अनुरोध है कि राजस्थान सरकार की जो रिपोर्ट आ रही है, उसे स्वीकार करें। साथ ही वहां सेंट्रल टीम भेजकर इन 19 जिलों को शामिल किया जाए। पिछली बार रबी की पूरी फसल खराब हो गई थी और इस बार 19 जिलों में खरीफ की फसल प्रभावित हुई है। इस कारण किसानों को राहत देने के लिए पहला काम है मुआवजा देना, फिर रोजगार दिया जाए और उसके बाद पीने के पानी की समस्या जो काफी विकराल है, उसका उपाय किया जाए। मैं नागौर संसदीय क्षेत्र से आता हूं वहां पानी 900 फीट तक नहीं है, ट्यूबवैल्स में पानी नहीं आ रहा है। वहां पर टैंकर्स द्वारा सैंकड़ों गांवों को पानी सप्लाई करना पड़ता है। इसके लिए विशेÂष पैकेज भी देना पड़ेगा। राजस्थान के इन 19 अकालग्रस्त जिलों को सहायता की जबरदस्त जरूरत है। मैं आपके माध्यम से कृÂिि मंत्री से और गृह मंत्री जी से, जिनके पास एनडीआरएफ का फंड है, मैं उनसे आग्रह करूंगा कि राजस्थान के इन जिलों पर ध्यान दें। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri P.P. Chaudhary are permitted to associate with the issue raised by Shri C.R. Chaudhary.

I would request the hon. Members to be very brief.